डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.
उत्तर प्रदेश सरकार,
मोहान रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226 017
वेबसाइट : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः703/फा0सं0–709/विविध पत्रा0/शै0 अनु0/DSMNRU/2020–21दिनांक27 अगस्त, 2020

सेवा में

समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष
डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय/महोदया,

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण को एक वैश्विक महामारी घोषित किया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा कोविड–19 के प्रसार की रोकथाम हेतु सोशल डिस्टेन्सिंग एवं अन्य उपाय को अपनाये जाने के साथ शैक्षिक गतिविधियों को प्रारम्भ किये जाने के दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

अतः तत्क्रम में विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2020–21 के लिए समस्त संकायों के अन्तर्गत संचालित विभागों में स्नातक एवं परास्नातक स्तर के संचालित पाठ्यक्रमों के विभिन्न विषयों की ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी समय–सारणी के अनुसार किया जाना है। तत्क्रम में जिन विभागों द्वारा समय–सारणी के अनुसार ऑनलाइन कक्षाऐं संचालित की जा रही है। उनके अतिरिक्त शेष विभागों द्वारा ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन किया जाना है।

इस सम्बन्ध में आपसे आग्रह है कि शैक्षिक सत्र 2020–21 में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के पठन–पाठन की व्यवस्था किये जाने हेतु आपके संकाय/विभाग द्वारा निर्धारित की गई समय–सारणी के अनुरूप ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

<u>पृष्ठांकन संख्या व तृद्दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनाथ।
2. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय को सूचनार्थ।
3. सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) विश्वविद्यालय।
4. प्रभारी, सिस्टम एनालिस्ट को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
5. गार्ड फाइल हेतु।

27-8-2020

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव